**INDIAN SCHOOL SOHAR**
**PERIODIC TEST-II (2022-23)**

**Class – IX** **HINDI (Course-B)** **MAX. MARKS-80**
**DATE : 20/09/2022** **TIME : 03 HOURS**

---

सामान्य निर्देश :

- इस प्रश्न पत्र में कुल चार खंड हैं – 'क' 'ख' 'ग' और 'घ'
- दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए इनके उत्तर दीजिए।
- कुल प्रश्नों की संख्या 19 है।
- प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़कर क्रमानुसार उत्तर लिखिए।

---

खंड 'क'(अपठित गद्यांश)

प्रश्नः 1. नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (1X5)

आगाखाँ महल में खाने-पीने की कोई तकलीफ नहीं थी। हवा की दृष्टि से भी स्थान अच्छा था। महात्मा जी का साथ भी था किंतु कस्तूरबा के लिए यह विचार ही असह्य हुआ कि 'मैं कैद में हूँ।' उन्होंने कई बार कहा-"मुझे यहाँ का वैभव कतई नहीं चाहिए, मुझे तो सेवाग्राम की कुटिया ही पसंद है।" सरकार ने उनके शरीर को कैद रखा किंतु उनकी आत्मा को वह कैद सहन नहीं हुई। जिस प्रकार पिंजड़े का पक्षी प्राणों का त्याग करके बंधनमुक्त हो जाता है उसी प्रकार कस्तूरबा ने सरकार की कैद में अपना शरीर छोड़ा और वह स्वतंत्र हुईं। उनके इस मूक किंतु तेजस्वी बलिदान के कारण अंग्रेजी साम्राज्य की नींव ढीली हुई और हिंदुस्तान पर उनकी हुकूमत कमजोर हुई। कस्तूरबा ने अपनी कृतिनिष्ठा के द्वारा यह दिखा दिया कि शुद्ध और रोचक साहित्य के पहाड़ों की अपेक्षा कृति का एक कण अधिक मूल्यवान और आबदार होता है। शब्दशास्त्र में जो लोग निपुण होते हैं, उनको कर्तव्य-अकर्तव्य की हमेशा ही विचिकित्सा करनी पड़ती है। कृतिनिष्ठि लोगों को ऐसी दुविधा कभी परेशान नहीं कर पाती। कस्तूरबा के सामने उनका कर्तव्य किसी दीये के समान स्पष्ट था। कभी कोई चर्चा शुरू हो जाती तब 'मुझसे यही होगा' और 'यह नहीं होगा'-इन दो वाक्यों में अपना ही फैसला सुना देतीं।

प्रश्न -

(i) सुविधाओं के बीच भी कैदी होने का विचार किससे नहीं सहा जा रहा था?
(ii) वे अपनी स्पष्टवादिता किस तरह प्रकट कर देती थीं?
(iii) आगाखाँ महल में क्या सुविधाएँ थीं, पर इनके बजाय कैदी को क्या पसंद था?
(iv) वह किस तरह अंग्रेजों की कैद से मुक्त हुई ? उनकी मुक्ति का अंग्रेज़ी शासन पर क्या असर पड़ा?
(v) कस्तूरबा के सामने दीये के समान क्या स्पष्ट था ?

प्रश्नः 2. नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (1X5)

संघर्ष के मार्ग में अकेला ही चलना पड़ता है। कोई बाहरी शक्ति आपकी सहायता नहीं करती है। परिश्रम, दृढ़ इच्छा शक्ति व लगन आदि मानवीय गुण व्यक्ति को संघर्ष करने और जीवन में सफलता प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करते हैं। दो महत्त्वपूर्ण तथ्य स्मरणीय है – प्रत्येक समस्या अपने साथ संघर्ष लेकर आती है। प्रत्येक संघर्ष के गर्भ में विजय निहित रहती है। एक अध्यापक ने अपने छात्रों को यह संदेश दिया था – तुम्हें जीवन में सफल होने के लिए समस्याओं से संघर्ष करने का अभ्यास करना होगा। हम कोई भी कार्य करें, सर्वोच्च शिखर पर पहुँचने का संकल्प लेकर चलें। सफलता हमें कभी निराश नहीं करेगी। समस्त ग्रंथों और महापुरुषों के अनुभवों का निष्कर्ष यह है कि संघर्ष से डरना अथवा उससे विमुख होना अहितकर है, मानव धर्म के प्रतिकूल है और अपने विकास को अनावश्यक रूप से बाधित करना है। आप जागिए, उठिए दृढ़-संकल्प और उत्साह एवं साहस के साथ संघर्ष रूपी विजय रथ पर चढ़िए और अपने जीवन के विकास की बाधाओं रूपी शत्रुओं पर विजय प्राप्त कीजिए।

प्रश्न -

(i) मनुष्य को संघर्ष करने और जीवन में सफलता प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त किन गुणों से होता है ?

(क) निर्भीकता, साहस, परिश्रम

(ख) परिश्रम, लगन, आत्मविश्वास

(ग) साहस, दृढ़ इच्छाशक्ति, परिश्रम

(घ) परिश्रम, दृढ़ इच्छा शक्ति व लगन

(ii) प्रत्येक समस्या अपने साथ क्या लेकर आती है ?

(क) संघर्ष

(ख) कठिनाइयाँ

(ग) चुनौतियाँ

(घ) सुखद परिणाम

(iii) समस्त ग्रंथों और अनुभवों का निष्कर्ष क्या है ?

(क) संघर्ष से डरना या विमुख होना अहितकर है।

(ख) मानव-धर्म के प्रतिकूल है।

(ग) अपने विकास को बाधित करना है।

(घ) उपर्युक्त सभी।

(iv) संघर्ष रूपी विजय रथ पर चढ़ने के लिए क्या आवश्यक है ?

(क) दृढ़ संकल्प, निडरता और धैर्य

(ख) दृढ़ संकल्प, उत्साह एवं साहस

(ग) दृढ़ संकल्प, आत्मविश्वास और साहस

(घ) दृढ़ संकल्प, उत्तम चरित्र एवं साहस

(v) कथन (A) कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए -

कथन – आप जागिए, उठिए दृढ़-संकल्प और उत्साह एवं साहस के साथ संघर्ष रूपी विजय रथ पर चढ़िए ।

कारण - अपने जीवन के विकास की बाधाओं को दूर न करते हुए विजय को प्राप्त कीजिए।

(क) कथन (A)गलत है किन्तु कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A)और कारण (R) दोंनों सही है।

(ग) कथन (A)और कारण (R) दोंनों गलत है।

(घ) कथन (A)सही है किन्तु कारण (R) गलत है।

## खंड 'ख'(व्यावहारिक व्याकरण)

प्रश्नः 3. निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनिए- (1X2)

(i) जब वर्णों को जोड़ा जाता है तब ----------का निर्माण होता है।

(क) शब्द (ख) पद (ग) अक्षर (घ) स्वर

(ii) 'परचून की दुकान पर बैठे लालाजी ने कहा।' इस वाक्य में कितने पद हैं ?

(क) तीन (ख) पाँच (ग) छह (घ) चार

प्रश्नः 4. **किन्हीं दो** के सही उत्तर वाले विकल्प चुनिए- (1X2)

(i) निम्नलिखित विकल्पों में से अनुस्वार वाला शब्द कौन-सा है?

(क) सम्बन्ध (ख) सबंध (ग) संबंध (घ) संबध ।

(ii) निम्नलिखित विकल्पों में से अनुनासिक वाला शब्द कौन-सा है ?

(क) आँच (ख) चंचल (ग) सम्मिलित (घ) कंघा ।

(iii) नीचे लिखे कॉलम 'अ' और कॉलम 'ब' में अनुस्वार -अनुनासिक शब्दों पर विचार कीजिए -

| कॉलम 'अ' | कॉलम 'ब' |
|---|---|
| (क) साँच | अनुनासिक |
| (ख) मंच | अनुनासिक |
| (ग) साँप | अनुस्वार |
| (घ) मंत्र | अनुनासिक |

उपर्युक्त विकल्पों में से कौन-सा विकल्प सही है ?

विकल्प : (क) (ख) (ग) (घ)

प्रश्नः 5. **किन्हीं चार** के सही उत्तर वाले विकल्प चुनिए- (1X4)

(i) 'प्रत्येक' शब्द में उपसर्ग वाला सही विकल्प कौन-सा है ?

(क) प्रत्य + एक (ख) प्रति + एक (ग) प्र + एक (घ) प्रत्य + ऐक

(ii) 'उपनेता' शब्द में उपसर्ग वाला सही विकल्प कौन-सा है ?

(क) उप + नैता (ख) उप + नेता (ग) ऊ + नेता (घ) उ + पनेता

(iii) 'अपमानित ' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है?

(क) इत (ख) ईत (ग) अप (घ) मान

(iv) 'आर्थिक' शब्द में मूल शब्द कौन-सा होगा ?

(क) अर्थ (ख) इक (ग) अरथ (घ) ईक

(v) निम्नलिखित मूल शब्दों और उपसर्ग-प्रत्ययों पर विचार कीजिए-

| मूल शब्द | उपसर्ग-प्रत्यय |
|---|---|
| (क) कूल | अनु |
| (ख) रक्षित | स |
| (ग) द्रव | ईत |
| (घ) सप्ताह | ईक |

उपर्युक्त विकल्पों में से कौन-सा विकल्प सही है ?

विकल्प : (क) (ख) (ग) (घ)

प्रश्नः 6. **किन्हीं तीन** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनिए- (1X3)

(i) निम्नलिखित विकल्पों में से 'इत्यादि' शब्द का संधि विच्छेद कौन-सा है?

(क) इत + यादि (ख) इति + आदि (ग) इत + आदी (घ) इति + आदी

(ii) निम्नलिखित विकल्पों में से 'अत्यधिक' शब्द का सही संधि विच्छेद कौन-सा है ?

(क) अति + आधिक (ख) अती + अधिक (ग) अति + अधिक (घ) अत्य + अधिक

(iii) 'गिरि + ईश' संधि से बना उचित शब्द होगा ?

(क) गिरीश (ख) गिरिश (ग) गिरीष (घ) गीरिश

(iv) निम्नलिखित विकल्पों को ध्यानपूर्वक पढ़कर यह बताइए कि किस विकल्प में दीर्घ संधि वाले सभी शब्द प्रयुक्त हुए हैं?

(क) विद्यालय, राजेन्द्र, जलोर्मि
(ख) हिमालय, सोमेश, नदीश
(ग) भोजनालय, वधूत्सव, धर्मार्थ
(घ) पुस्तकालय, देवेश , महात्मा

प्रश्नः 7. **किन्हीं तीन** के सही उत्तर वाले विकल्प चुनिए- (1X3)

(i) "।" यह विराम चिह्न कौन-सा है?

(क) लाघव चिह्न (ख) अल्पविराम (ग) प्रश्नवाचक चिह्न (घ) पूर्णविराम

(ii) किस वाक्य में विराम चिह्न का उचित प्रयोग नहीं है ?

(क) सुनो ! वह गा रही है।
(ख) वह दूर से , बहुत दूर से आ रहा है ?
(ग) प्रिय महाशय , मैं आपका आभारी हूँ।
(घ) मैं मनुष्य में मानवता देखना चाहती हूँ , उसे देवता बनाने की मेरी इच्छा नहीं।

(iii) 'आशीष राहुल राजा शुक्ल और वैभव अपने कार्य में निपुण हैं।' इस वाक्य में किस विराम चिह्न का प्रयोग होगा ?

(क) , (ख) : (ग) ; (घ) ।

(iv) 'तुम कब जाओगे' इस वाक्य में किस विराम चिह्न का प्रयोग होगा ?

(क) । (ख) ? (ग) - (घ) ( )

प्रश्नः 8. **किन्हीं दो** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प को चुनिए- (1X2)

(i) 'किताब मेज पर है।' इस वाक्य में अर्थ के आधार पर कौन-सा भेद है ?

(क) संभावनार्थक (ख) इच्छार्थक (ग) कथनात्मक (घ) विस्मयाबोधक

(ii) 'अगर आपने मेरी बात मानी होती तो ये दिन न देखने पड़ते।' इस वाक्य में अर्थ के आधार पर कौन-सा भेद है?

(क) संकेतवाचक (ख) निषेधवाचक (ग) आज्ञार्थक (घ) विधानवाचक

(iii) 'वह ज़ोर से हँस रहा है।' इस वाक्य का 'विस्मयवाचक' वाक्य में बदला हुआ शुद्ध रूप कौन-सा होगा ?

(क) अरे ! वह बहुत ज़ोर से हँस रहा है।

(ख) वह बहुत ज़ोर से क्यों हँस रहा है।

(ग) वह बहुत ज़ोर से नहीं हँस रहा है।

(घ) अरे वह बहुत ज़ोर से हँस ! रहा है।

## खंड 'ग'(पाठ्यपुस्तक -स्पर्श )

प्रश्नः 9. नीचे लिखे पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (1X5)

"गाकर गीत विरह के तटिनी
वेगवती बहती जाती है,
दिल हल्का कर लेने को
उपलों से कुछ कहती जाती है।
तट पर एक गुलाब सोचता,
" देते स्वर यदि मुझे विधाता,
अपने पतझर के सपनों का
मैं भी जग को गीत सुनाता।"

(i) किस के मन में गीत सुनाने के भाव उभर रहे थे ?

(क) नदी के हृदय में (ख) गुलाब के मन में (ग) उपलों के मन में (घ) धारा प्रवाह के मन

(ii) तटिनी किससे क्या कहती है ?

(क) सागर से अपने मन की इच्छा (ख) सागर से ना मिल पाने की शिकायत

(ग) सागर से पानी ना देने की शिकायत (घ) किनारों से अपनी विरह वेदना

(iii) नदी किस प्रकार के गीत गाती है ?

(क) विरह (ख) मिलन (ग) प्रेम (घ) संयोग

(iv) कवि ने 'निर्झरी' शब्द किसके लिए प्रयुक्त किया है?

(क) नदी (ख) प्रेमिका (ग) गुलाब (घ) शुकी

(v) गुलाब को क्या दुख है ?

(क) पतझड़ में ना खेलने का (ख) गतिशील ना हो सकने का

(ग) पतझड़ की बात किसी से ना कहने का (घ) काँटों से भरे होने का

प्रश्नः 10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्पों में से छाँटकर लिखिए : (1X2)

(i) कथन (A) कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए -

कथन – रैदास द्वारा रचित पंक्ति 'जाकी छोति जगत को लागे ता पर तू ही ढरै' है।

कारण - रैदास ने दूसरे पद की इस पंक्ति में उस समय की छुआछूत की समस्या की ओर संकेत किया है।

(क) कथन (A)गलत है किन्तु कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(ग) कथन (A)और कारण (R) गलत है।

(घ) कथन (A)सही है किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(ii) रहीम जी ने अपने दोहे में मोती के लिए 'पानी' का क्या अर्थ बताया है ?

(क) विनम्रता (ख) चमक (ग) जल (घ) जीवन

प्रश्नः 11. नीचे लिखे गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (1X5)

वह तुरंत ही चढ़ाई शुरू करना चाहता था ----और उसने मुझसे पूछा, क्या मैं उसके साथ जाना चाहूँगी ? एक ही दिन में साउथ कोल से चोटी तक जाना और वापस आना बहुत कठिन और श्रमसाध्य होगा! इसके अलावा यदि अंगदोरजी के पैर ठंडे पड़ गए तो उसके लौटकर आने का भी जोखिम था। मुझे फिर भी अंगदोरजी पर विश्वास था और साथ-साथ में आरोहण की क्षमता और कर्मठता के बारे में भी आश्वस्त थी। अन्य कोई भी व्यक्ति इस समय साथ चलने के लिए तैयार नहीं था।

(i) 'वह' सर्वनाम का प्रयोग किसके लिए किया गया है ?

(क) अंगदोरजी (ख) उपनेता प्रेमचंद (ग) कर्नल खुल्लर (घ) तेनजिंग

(ii) कथन (A) कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए -

कथन – एक ही दिन में साउथ कोल से चोटी तक जाना और वापस आना बहुत कठिन और असाध्य काम था।

कारण - एवरेस्ट पर जाने के लिए अंगदोरजी और बचेंद्री तैयार थे।

(क) कथन (A)गलत है किन्तु कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A)और कारण (R) दोंनों सही है।

(ग) कथन (A)और कारण (R) दोंनों गलत है।

(घ) कथन (A)सही है किन्तु कारण (R) गलत है।

(iii) इस गद्यांश में कौन किसके बारे में बात कर रहा है ?

(क) की जय के बारे में (ख) बचेंद्री डॉक्टर मीनू के बारे में

(ग) बिस्सा अंगदोरजी के बारे में (घ) बचेंद्री अंगदोरजी के बारे में

(iv) लेखिका को अपने किन गुणों पर भरोसा था ?

(क) अपने श्रम असाध्य होने पर (ख) अपनी आरोहण क्षमता पर

(ग) अपनी कर्मठता पर (घ) 'ख' और 'ग' दोनों

(v) अंगदोरजी के पैर किस कारण से ठंडे पड़ जाने की आशंका थी ?

(क) तेज हवा के चलने के कारण (ख) बिना ऑक्सीजन के चलने के कारण

(ग) आरोहण की क्षमता में कमी होने के कारण (घ) अन्य किसी व्यक्ति के उसके साथ न चलने के कारण

प्रश्नः 12. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्पों में से छाँटकर लिखिए : (1X2)

(i) मनुष्य के जीवन में पोशाक की क्या विशेषताएँ हैं ?

(क) पोशाक मनुष्य के सामाजिक स्तर को दर्शाती है।

(ख) पोशाक के द्वारा ही मनुष्य अपने और अन्य मनुष्यों में भेद करता है।

(ग) खास परिस्थितियों में पोशाक हमें नीचे झुकने से रोकती है।

(घ) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं।

(ii) लेखक उस स्त्री के रोने का कारण क्यों नहीं जान पाया ?

(क) पोशाक के कारण।

(ख) बुढ़िया के घुटनों में सिर रखा होने के कारण।

(ग) आस-पास के लोगों की बातें सुनने के कारण।

(घ) लेखक का निचली श्रेणी का होने के कारण।

प्रश्नः 13. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो प्रश्नों** के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए : (3+3)

(क) उपनेता प्रेमचंद ने किन स्थितियों से अवगत कराया ?

(ख) बाजार के लोग खरबूजे बेचने वाली स्त्री के बारे में क्या-क्या कह रहे थे ? अपने शब्दों में लिखिए।

(ग) वर्तमान समाज में धन को ही अधिक महत्व दिया जाने लगा है। लोगों में दया , करुणा , प्रेम और आपसी भाईचारा कम होता जा रहा है। ऐसे में संपन्न लोगों को शोक करने , गम मनाने के लिए भी सहूलियत चाहिए और दुखी होने का भी एक अधिकार होता है। लेखक संपन्न समाज से गरीबों के प्रति कैसी आशा रखता है ? पाठ के आधार पर लिखिए।

प्रश्नः 14. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो प्रश्नों** के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए : (3+3)

(क) 'मोती, मानुष, चून' के संदर्भ में पानी के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए।

(ख) रहीम ने सागर की अपेक्षा पंक जल को धन्य क्यों कहा है ?

(ग) रैदास ने पहले पद में चंदन,घन,चाँद,दीपक,मोती और सुहागा की तुलना जिनसे की है,उनका उल्लेख कीजिए।

प्रश्नः 15. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो प्रश्नों** के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए : (3+3)

(क) 'उनाकोटी' का अर्थ स्पष्ट करते हुए बताइए कि यह स्थान इस नाम से क्यों प्रसिद्ध है?

(ख)आज हम प्रतिदिन समाचार पत्रों आदि में नकारात्मक खबरें पढ़ते हैं जिनसे हमारी मूल्यों के प्रति आस्था हिलने लगी है। 'मेरी रीढ़ की हड्डी में एक झुरझुरी सी दौड़ गई'- लेखक के इस कथन के पीछे कौन-सी घटना जुड़ी है ?

(ग) जनसंख्या विस्फोट के कारण सभी को नौकरी देना संभव नहीं है। सरकार ने अनेक योजनाएँ बनाई हैं, जिनसे युवाओं में एक नई चेतना का विकास हो सके। त्रिपुरा के घरेलू उद्योगों पर प्रकाश डालते हुए अपनी जानकारी के कुछ अन्य घरेलू उद्योगों के विषय में बताइए।

खंड 'घ'(लेखन)

प्रश्नः 16. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर **किसी एक** विषय पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : (6)

(i) समय की उपयोगिता

- जीवन की अमूल्य निधि
- सफलता की कुंजी
- विद्यार्थी जीवन में इसका महत्त्व

(ii) एकल परिवार

- समाज का बदलता रूप
- आर्थिक विवशताएँ और सीमित क्षेत्र
- परिणाम और सुझाव

(iii) नारी सुरक्षा और वर्तमान युग

- शिक्षित नारी परिवार की धुरी
- परिवार की उन्नति में सहायक
- नारी के प्रति पुरुषों का दृष्टिकोण

प्रश्नः 17. दिए गए विषयों में से **किसी एक** विषय पर लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए : (6)

(i) विद्यालय में चलाए जा रहे 'वृक्ष लगाओ, धरती हरी बनाओ' अभियान में अपनी भागीदारी का वर्णन करते हुए मित्र को पत्र लिखिए।

(ii) अपने जन्मदिन पर भेजे गए उपहार के लिए धन्यवाद अदा करते हुए छात्रावास से चाचा जी को पत्र लिखिए।

प्रश्नः 18. चित्र को देखकर उससे संबंधित मन में उठने वाले भावों को अपनी कल्पना शक्ति के माध्यम से लगभग 100 शब्दों में लिखिए। (5)



प्रश्नः 19. **किसी एक** विषय पर लगभग 100 शब्दों में संवाद लिखिए : (5)

(i) आप दिल्ली से कानपुर की यात्रा बस से कर रहे हैं। बस कंडक्टर से हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए।

(ii) बैंक में खाता खोलने के संबंध में ग्राहक और बैंक मैनेजर के बीच हुए संवाद को लिखिए।

-----------------